आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
(कार्मिक विभाग)

नोट

विषयः पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय एवं मतगणना अधिकारी की ड्यूटी हेतु सामान्य दिशा – निर्देश जारी करने के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय एवं मतगणना अधिकारी की ड्यूटी के साथ–2 मद वाईज दिशा–निर्देश निम्नवत् जारी किये जाते है।

1. पीठासीन अधिकारियों एवं रिजर्व अधिकारियों को निर्देश दिये जाते है, कि वे प्रातः 07.00 बजे मतदान केन्द्र पर उपस्थित होकर अपने सभी सहयोगी कर्मचारियों से समन्वय बनाकर मतदान प्रक्रिया शुरू करेगें एवं मतदान समाप्ति के पश्चात् अपने सहयोगी मतदान अधिकारी प्रथम एवं द्वितीय अधिकारी के साथ मतगणना अधिकारी के साथ मतगणना मे सहयोग कर परिणाम (Result) जारी करेगें। रिजल्ट की घोषणा मतगणना अधिकारी करेगें।

2. मतदान पहचान हेतु पीठासीन अधिकारी निम्न दस्तावेज को ही मान्य करेंगे।
   (क) आई–कार्ड (यदि वर्त्तमान पदनाम न हो तो भी मान्य है।)
   (ख) उम्मीद कार्ड
   (ग) नियंत्रक अधिकारी द्वारा जारी सादे कागज पर कर्मचारी का विवरण प्रमाणित फोटो एवं हस्ताक्षर के साथ जारी किया गया दस्तावेज।
3. मतदान केन्द्र पर निम्न अधिकारी निरीक्षण कर सकते है तथा पीठासीन अधिकारी से जानकारी ले सकते है।
   (क) महाप्रबंधक महोदय
   (ख) निर्वाचन अधिकारी
   (ग) प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी
   (घ) अध्यक्ष सुपरवाइजर क्लब
   (ड.) उप मुख्य कार्मिक अधिकारी

4. **मतदान स्थल पर दिनांक 20.05.2023 को प्रातः 07.00 बजे सभी मतदान कर्मी उपस्थित होंगे तथा परिणाम घोषित होने के पश्चात् ही उन्हे कार्यमुक्त किया जाएगा।**

5. पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, एवं मतदान अधिकारी द्वितीय का कार्य निम्नवत् है :–

क्र. सं.	पीठासीन अधिकारी	मतदान अधिकारी प्रथम	मतदान अधिकारी द्वितीय
01.	मतदाता का आई–कार्ड से मिलान करना।	मतदाता सूची से मिलान करके टिक लगाना।	रजिस्टर में इन्ट्री करना।

Election Officer
निर्वाचन अधिकारी
MCF/Raebareli
आरेडिका/रायबरेली
18.05.23

02.	बैलेट पेपर पर हस्ताक्षर करना।	------	बायें हाथ के तर्जनी ऊँगली मे स्याही लगाना।
03.	बैलेट पेपर मोड़ना एवं बॉक्स मे डालने के निर्देश देना।	------	बैलेट पेपर देना।
04.	प्रत्येक कलर का बैलेट पेपर उसी कलर के बॉक्स में डालने का निर्देश देना।	------	------
05	मतदान पेटी को सभी एजेन्टों के साथ सील करना एवं हस्ताक्षर करेगा।	------	------

6. मतगणना अधिकारी की ड्यूटी से संबंधित कार्य निम्नवत् है :–

(क) मतपेटी (बॉक्स) खोलने के पूर्व मतगणना अधिकारी द्वारा जाँच करना कि बाँक्स पूरी तरह सील है या नहीं एवं उस पर एजेन्ट एवं पीठासीन के हस्ताक्षर हैं या नहीं इसका रिकार्ड मतगणना अधिकारी द्वारा रखा जाएगा।

(ख) मतपेटी (बॉक्स) खोलने के बाद सभी उम्मीदवारों को मिले मतों को छांटकर अलग करना।

(ग) सभी बूथों के मतों की गणना प्रत्याशियों के पदो के अनुसार एक साथ करना।

(घ) प्रत्येक उम्मीदवार को कितने मत मिले इसकी घोषना करना।

(ड.) संलग्न फॉर्म–D को पूरा भरकर हस्ताक्षर करके निर्वाचन अधिकारी को जमा कराना।

(च) मतगणना की अंतिम रिपोर्ट निर्वाचन अधिकारी को देना।

7. अंधे मतदाता के साथ एक सहायक जायेगा जो कि मतदाता नही होगा।

8. पीठासीन अधिकारी मतदान शुरू होने के एक घंटा पूर्व निर्वाचन अधिकारी से समस्त निर्वाचन संबंधी सामग्री उपलब्ध करेगें।

9. पीठासीन अधिकारी मतदान शुरू होने से 10 मिनट पूर्व मतपेटी को पूरी तरह से एजेटों को दिखाकार उसे सील कर देगें।

10. सभी पीठासीन अधिकारी निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिये गये सभी दिशा–निर्देश का पालन करेंगे।

11. पीठासीन अधिकारी एक बूथ पर केवल एक पार्टी से एक एजेंट को नामित करेगें।

12. निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन से संबंधित कोई भी सूचना मांगने पर पीठासीन अधिकारी सूचना को उपलब्ध करायेगा।

13. सभी पीठासीन अधिकारियों को सूचित किया जाता है वह दिनांक 19.05.2023 को कार्मिक विभाग से शाम 16:00 बजें मतदान सामग्री प्राप्त कर मतदान स्थल का

16.05.23

Election Officer
निर्वाचन अधिकारी
MCF/Raebareli
आरेडिका/रायबरेली

निरिक्षण कर लें और यह सूनिश्चित कर लें कि मतदान हेतु आवंटित कक्ष मतदान कराने हेतु सभी मानकों को पूर्ण कर रहा है।

14. पीठासीन अधिकारी को टी.टी.सी. में आवंटित कक्ष का विवरण निम्नलिखित है–

पीठासीन अधिकारी का नाम	अरूण कुमार राय	फरीद अहमद	वीरेन्द्र कुमार गुप्ता
कक्ष संख्या	20	21	22
बूथ सं0	01	02	03

16.05.23

(डी. एस. मीना)
निर्वाचन अधिकारी, सुपरवाइजर क्लब
आरेडिका, रायबरेली ।

Election Officer
निर्वाचन अधिकारी
MCF/Raebareli
आरेडिका/रायबरेली

सं0: MCF/RBL/S.Club./Election/2023,
दिनांकः 16.05.2023

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय एवं मतगणना अधिकारी, आरेडिका, रायबरेली ।